दिन– शुक्रवार दिनांक– 18 / 04 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तीकरण के लिए आज से शुरू हो रहा है महिला संवाद कार्यक्रम। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार करेंगे कार्यक्रम की शुरूआत।

02. राज्य के सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में पहली से आठवीं कक्षा में अब साल में चार बार परीक्षाएं होंगी।

03. पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में देर रात से रूक–रूक कर हो रही है बारिश।

04. और, आज गुड फ्राइडे है। गिरिजाघरों में हो रहा है विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज महिला संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। ग्रामीण विकास विभाग के इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं का आर्थिक और सामाजिक सशक्तीकरण है। ब्यौरा हमारे संवाददाता से....

–––रिपोर्ट–––

महिला संवाद के दौरान महिलाओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी, साथ ही उन्हें योजनाओं से जोड़ा जाएगा। जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी हिमांशु शर्मा ने बताया कि इस अभियान के तहत दो करोड़ महिलाओं से सीधा संवाद का लक्ष्य है। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं से राज्य सरकार की योजनाओं के प्रति उनकी अपेक्षाओं की भी जानकारी ली जायेगी। संवाद यात्रा के लिए पटना स्थित एक अणे मार्ग से मुख्यमंत्री पचास वाहनों को हरी झंडी दिखाकर विभिन्न प्रखंडों के लिए रवाना करेंगे। पहले दिन राज्य के छह सौ जगहों पर महिला संवाद कार्यक्रम होगा। वहीं, कल से प्रतिदिन लगभग बारह सौ जगहों पर इसका आयोजन होगा। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से आशीष रंजन।

---

सर्वोच्च न्यायालय ने केन्द्र सरकार का यह आश्वासन रिकॉर्ड कर लिया है कि अगली सुनवाई तक वक्फ बोर्ड या केन्द्रीय वक्फ परिषद में वक्फ संशोधन अधिनियम–दो हजार पच्चीस के अनुसार कोई भी नई नियुक्ति नहीं की जाएगी। कल इस मामले की हुई सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने ये आश्वासन दिया था। एक रिपोर्ट––

———रिपोर्ट———

मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति के.वी. विश्वनाथन की पीठ के समक्ष महाधिवक्ता तुषार मेहता ने कहा कि उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ संपत्तियों सहित मौजूदा वक्फ संपत्तियों की स्थिति में फिलहाल कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। न्यायालय ने केंद्र को वक्फ अधिनियम, 1995 में हाल ही में किए गए संशोधनों की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली और रोक लगाने की मांग करने वाली याचिकाओं पर सात दिन के भीतर अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। याचिकाओं की बड़ी संख्या के कारण, पीठ ने याचिकाकर्ताओं से सुनवाई के लिए पांच प्रमुख याचिकाओं की पहचान करने को कहा है। इस मामले की सुनवाई अब 5 मई को होगी। समाचार कक्ष से मैं मुकेश कुमार।

---

राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस के नेतृत्व वाले महागठबंधन ने बिहार विधानसभा चुनाव से जुड़े मुद्दों के लिए एक समन्वय समिति गठित करने का फैसला किया है। इस समिति की अध्यक्षता राजद के वरिष्ठ नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव करेंगे। पटना स्थित राजद कार्यालय में सभी छह घटक दलों की मैराथन बैठक तीन घंटे तक चली। ब्यौरे के साथ हैं हमारे संवाददाता....

———रिपोर्ट———

तेजस्वी प्रसाद यादव के नेतृत्व में चुनाव संबंधी समन्वय समिति के गठन के साथ महागठबंधन ने संकेत दिया है कि श्री यादव ही 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में विपक्षी गठबंधन का नेतृत्व करेंगे। पशुपति कुमार पारस के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी को गठबंधन में सातवें सदस्य के रूप में प्रवेश देने पर भी यही समन्वय समिति फैसला करेगी। बैठक के बाद तेजस्वी यादव ने कहा कि बेरोजगारी और पलायन दो बड़े मुद्दे हैं, जिसे चुनाव का मुद्दा महागठबंधन बनाएगा। धर्मेंद्र कुमार राय आकाशवाणी समाचार पटना।

---

राज्य के सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में पहली से आठवीं कक्षा में अब साल में चार बार परीक्षाएं होंगी। यह व्यवस्था इसी सत्र से लागू होगी। राज्य शिक्षा शोध और प्रशिक्षण परिषद, एससीईआरटी के निदेशक सज्जन आर ने बताया कि अब बच्चों की प्रथम त्रैमासिक, अर्द्धवार्षिक, द्वितीय त्रैमासिक और अंत में वार्षिक परीक्षा होगी। इसके अलावा नौवीं और ग्यारहवीं की तर्ज पर बच्चों की हर माह मासिक परीक्षा भी ली जाएगी।

---

दो वर्षीय बीएड और शिक्षाशास्त्री पाठ्यक्रम में नामांकन के लिए आयोजित होनेवाली सीईटी–बीएड अब अट्ठाईस मई को होगी। पहले परीक्षा की तिथि चौबीस मई को निर्धारित थी। स्टेट नोडल पदाधिकारी प्रो. अशोक कुमार मेहता ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पच्चीस मई को संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा को देखते हुए सीईटी–बीएड की तिथि में बदलाव किया गया है।

---

केंद्र सरकार मध्याह्न भोजन योजना के तहत चालू वित्तीय वर्ष में राज्य को एक हजार चार सौ सत्तर करोड़ रूपये की राशि देगी। दिल्ली में प्रोजेक्ट अप्रूवल बोर्ड की हुई बैठक में इस पर सहमति बनी। योजना के तहत राज्य में एक करोड़ तीन लाख बच्चों को प्रतिदिन मध्याह्न भोजन देने का लक्ष्य है।

---

एनटीए ने जून महीने में होने वाली यूजीसी – नेट परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया है। अभ्यर्थी यूजीसी नेट डॉट एनटीए डॉट एसी डॉट ईन पर सात मई तक आवेदन कर सकते हैं। परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि आठ मई तक निर्धारित है। नौ और दस मई को आवेदन पत्र में सुधार के लिए पोर्टल खुला रहेगा।

---

प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए प्रदेश में एक अलग सेल की शुरूआत की जाएगी। ऊर्जा विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल ने बताया कि इस सेल की अध्यक्षता मुख्य अभियंता करेंगे। इस सेल के माध्यम से लोगों को योजना की जानकारी देने के लिए विशेष अभियान की भी शुरूआत की जाएगी।

---

उद्योग विभाग ने वित्तीय वर्ष, दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिए बिहार लघु उद्यमी योजना के तहत चयनित छप्पन हजार दो सौ अड़तालीस लाभुकों को पहली किस्त की राशि देने के लिए एक हजार एक सौ चौबीस करोड़ रूपये मंजूर किये हैं। प्रत्येक लाभुक को पहली किस्त के रूप में दो लाख रूपये मिलेंगे।

---

राज्य के पांच जिला मुख्यालयों से एक सौ दो अनुमंडलों को डीलक्स बस सेवा से जोड़ा जाएगा। राज्य परिवहन निगम के अनुसार ये बस सेवा पटना, भागलपुर, मुजफ्फरपुर, सहरसा और मुंगेर जिला मुख्यालय से शुरू की जाएगी। तीस अप्रैल तक परमिट जारी कर दिए जाएंगे और मई के पहले या दूसरे सप्ताह में बसों का परिचालन शुरू हो जाएगा।

---

परिवहन विभाग ने सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और बच्चों को इसके प्रति जागरूक करने के लिए व्यापक योजना बनाई है। इसके तहत स्कूलों की दीवारों पर नारे लिखे जाएंगे और चाहरदीवारी पर पेंटिंग बनाई जाएगी। पेंटिंग के माध्यम से सड़क सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण बातों को चित्रित किया जाएगा। विकास आयुक्त की अध्यक्षता में बिहार सड़क सुरक्षा परिषद की कार्यपालक समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया।

---

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में देर रात से रूक–रूक कर बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि आज राज्य के पूर्वी हिस्सों में कुछ स्थानों पर पचास से साठ किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवा के साथ बारिश हो सकती है। इस दौरान मेघगर्जन और वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गई है। राज्य के शेष हिस्सों में भी बारिश की चेतावनी है।

–––बाइट–––

इधर, बारिश के दौरान वज्रपात की घटना में जमुई जिले के झाझा थाना क्षेत्र के काबर गांव में एक किशोरी की मौत हो गई। वहीं, पश्चिम चंपारण जिले के बगहा के खटौरी गांव में आंधी के दौरान एक घर गिरने से दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए।

---

आज गुड फ्राइडे है। प्रभु ईसा मसीह को सलीब पर चढ़ाए जाने की याद में यह दिन मनाया जाता है। इसी दिन प्रभु यीशु ने मानवता को पापों से मुक्ति दिलाने के लिए अपने जीवन का बलिदान किया था। गुड फ्राइडे पर लोग मानवता और आपसी भाईचारे को सुदृढ़ करने का संकल्प लेते हैं। प्रभु यीशु के पुनर्जीवित होने के उपलक्ष्य में रविवार से ईस्टर समारोह शुरू हो जायेंगे। गुड फ्राइडे पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने अपने संदेश में कहा है कि हम सभी को ईसा मसीह द्वारा बताये गए जीवन मूल्यों से प्रेरणा लेने का संकल्प लेना चाहिए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संदेश में कहा कि प्रभु यीशु के बताये मार्ग के अनुसरण से मानव समाज कल्याण के मार्ग पर अग्रसर हो सकता है। इधर, इस अवसर पर राजधानी पटना सहित पूरे प्रदेश के गिरिजाघरों में विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया जा रहा है।

---

आय से अधिक संपत्ति मामले में निगरानी जांच ब्यूरो ने पूर्णियां के सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी मुकुल कुमार झा के पूर्णियां, भागलपुर और पटना के ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। छापेमारी के दौरान भूमि, फ्लैट और निवेश के कई कागजात तथा लाखों रूपये मूल्य के आभूषण मिले हैं।

---

आरा की एक अदालत ने बैंक डकैती से जुड़े एक मामले में कुख्यात बोतल महतो सहित पांच दोषियों को दस–दस साल कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने तीन अभियुक्तों पर पचास–पचास हजार रूपये और दो अन्य पर चालीस–चालीस हजार रुपये का आर्थिक दंड भी लगाया है। गौरतलब है कि पांच वर्ष पूर्व आरा शहर की बाजार समिति स्थित दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक की अनाईठ शाखा से तीस लाख रुपये की डकैती हुई थी। इधर, गोपालगंज की एक अदालत ने चर्चित रामश्रय सिंह हत्या कांड मामले में सभी चार दोषियों को उम्र कैद और पचास–पचास हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

---

खेलो इंडिया यूथ गेम्स, मशाल गौरव यात्रा कल समस्तीपुर पहुंची। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधिओं, स्कूली बच्चों और आम लोगों ने यात्रा का भव्य स्वागत किया।

---

मुख्यमंत्री खेल ज्ञानोत्सव के तहत राज्य स्तरीय क्विज प्रतियोगिता के फाईनल मुकाबले में समस्तीपुर के जैफी जावेद और दीपांकर ने पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं, दूसरे स्थान पर पटना के अंबर सिन्हा और ईशा भूषण तथा तीसरे स्थान पर दरभंगा की न्याशा श्रीवास्तव और ऋषभ कुमार रहे। रेरा के अध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने सभी विजेताओं को सम्मानित किया।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

सुप्रीम कोर्ट में वक्फ संशोधन कानून को लेकर कल हुई सुनवाई और पटना में महागठबंधन की बैठक आज के सभी समाचार पत्रों की प्रमुख सुर्खी है।

**दैनिक जागरण** ने लिखा है – फिलहाल वक्फ संपत्तियां नहीं होगी गैर अधिसूचित। केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट को दिया भरोसा।

**हिन्दुस्तान** ने लिखा है – तेजस्वी को महागठबंधन समन्वय समिति कमान। विधानसभा चुनाव से जुड़े सभी पहलुओं पर निर्णय लेगी समिति।

**प्रभात खबर** ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के बयान को प्रमुखता देते हुए लिखा है – अदालतें भारत के राष्ट्रपति को निर्देश नहीं दे सकतीं।

**दैनिक भास्कर** ने अपनी विशेष रिपोर्ट में लिखा है – चुनाव में एआई पर दिशा–निर्देश बना रहा आयोग, पहली झलक बिहार में।

**राष्ट्रीय सहारा** के शब्द हैं – भ्रामक विज्ञापनों को लेकर कोचिंग संस्थानों को चेतावनी।

**आज अखबार** लिखता है – महाराष्ट्र में कक्षा एक से पांच के लिए हिन्दी अनिवार्य तीसरी भाषा।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तीकरण के लिए आज से शुरू हो रहा है महिला संवाद कार्यक्रम। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार करेंगे कार्यक्रम की शुरूआत।

02. राज्य के सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में पहली से आठवीं कक्षा में अब साल में चार बार परीक्षाएं होंगी।

03. पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में देर रात से रूक–रूक कर हो रही है बारिश।

04. और, आज गुड फ्राइडे है। गिरिजाघरों में हो रहा है विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।